हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 2 अप्रैल 2024

06 कलेक्टर के निर्देश: बिना मेडिकल बोर्ड रिपोर्ट के ...



07 जल संकट से परेशान कॉलोनीवासी न टंकी बनी...





**लोकसभा क्षेत्र**

भोपाल

1 भाजपा प्रत्याशी
आलोक शर्मा

2 कांग्रेस प्रत्याशी
अरुण श्रीवास्तव

**पिछली बार कौन जीता**

प्रज्ञा सिंह ठाकुर

**जीत का अंतर**

3 लाख 63 हजार 437

## इस बार भी यहां मोदी फैक्टर हावी, कांग्रेस को मुद्दों को लेकर भरोसा

# भाजपा के गढ़ को भेदना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती

*भोपाल लोकसभा सीट से भाजपा ने पूर्व महापौर आलोक शर्मा को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने अरूण श्रीवास्तव को टिकट दिया है। पिछली बार कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को मैदान में उतारा था। किंतु वे 3 लाख 63 हजार 437 वोटों से भाजपा प्रत्याशी साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर से चुनाव हार गए। इस बार भाजपा व कांग्रेस के बीच रोचक मुकाबला होने के आसार हैं। हालांकि भाजपा के गढ़ को भेदना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है।*

ग्राउंड रिपोर्ट

हरि अग्रहरि ⏭ भोपाल

भोपाल लोकसभा क्षेत्र को भारतीय जनता पार्टी का गढ़ माना जाता है। भाजपा ने भोपाल लोकसभा सीट से पूर्व महापौर आलोक शर्मा को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने अरूण श्रीवास्तव को टिकट दिया है।

यदि भोपाल लोकसभा क्षेत्र का संसदीय इतिहास देखे तो 1952 से लेकर 2019 तक में कुल 17 चुनाव हुए। इसमें 6 बार कांग्रेस व 11 बार जनसंघ, जनता पार्टी व भाजपा ने अपना कब्जा जमाया। 1952 में सैदुल्लाह रजमी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से सांसद बने थे, किंतु इसी वर्ष बाद में चतुर नारायण मालवीय सांसद बन गए। 1957 व



आलोक शर्मा



अरुण श्रीवास्तव

1962 के चुनाव में मैमूना सुल्तान चुनकर संसद में पहुंचीं। जब 1967 में चुनाव हुआ तो जनसंघ के जगन्नाथ जोशी चुनाव जीत गए। 1971 में शंकर दयाल शर्मा इस सीट से चुनाव जीत कर लोकसभा में पहुंचें। 1977 में फिर जनता पार्टी की लहर में आरिफ बेग जीत गए। इसके बाद दो चुनाव 1980 में शंकर दयाल शर्मा व 1984 में केएन प्रधान कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीते, किंतु इसके बाद 1989 से लेकर 2019 तक कांग्रेस का खाता नहीं खुला। 1989, 1991, 1996, 1998 में सुशीलचंद वर्मा सांसद चुने गए। 1999 में उमा भारती भाजपा की टिकट पर चुनी गई। इसके बाद 2004 व 2009 में कैलाश जोशी भाजपा से सांसद बने। 2014 में भाजपा ने आलोक संजर को मैदान में उतारा और वे भी चुनाव जीत गए। इन सभी में सबसे रोचक चुनाव 2019 का ही रहा है। इसमें कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को मैदान में उतारा और वे चुनाव हार गए। इस बार 2024 का चुनाव भी अभी से रोचक बनता जा रहा है। इस बार यहां भी मोदी फैक्टर हावी है। अब चुनाव परिणाम किस करवट बैठेगा यह तो नहीं कह सकते, किंतु जिस तरह से माहौल बना हुआ है, ऐसे में लगने लगा है कि भाजपा व कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर होगी। भोपाल लोकसभा क्षेत्र में तीसरे चरण में चुनाव होना है।

### पिछले चुनाव में भाजपा को मिले थे 61% वोट

एक तथ्य यह भी है कि पिछले 2019 के चुनाव में भाजपा को कुल 61.54 फीसदी वोट मिले थे। हालांकि 2014 के चुनाव के मुकाबले भाजपा को 1.65 फीसदी कम वोट मिले थे। भाजपा प्रत्याशी साध्वी प्रज्ञा सिंह को कुल 8,66,482 वोट मिले थे। जबकि कांग्रेस के दिग्विजय सिंह को 35.63 फीसदी यानी कुल 5,01,660 वोट मिले थे। हालांकि कांग्रेस 2014 के चुनाव के मुकाबले 5.24 फीसदी ज्यादा वोट हासिल करने में कामयाब हुई थी। बसपा के माधो सिंह अहिरवार को 11,277 वोट मिले थे। नोटा को 5,430 वोट मिले थे। वहीं 2014 के चुनाव में भाजपा के आलोक संजर को 63.19 फीसदी, कांग्रेस के पीसी शर्मा को 30.39 फीसदी, बसपा के सुनील बोरसे को 0.90 फीसदी वोट मिले थे।

### क्या रहेंगे मुद्दे?

भोपाल लोकसभा क्षेत्र में मुख्य मुद्दा रोजगार का है। यदि बीएचईएल को छोड़ दिया जाए तो ऐसा कोई औद्योगिक कारखाना आदि नहीं हैं, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके। राजधानी में रोजगार एक प्रमुख मुद्दे के रूप में सामने है। दूसरी तरफ राजधानी क्षेत्र होने के बावजूद शहर का बेरतरतीब विकास एक बड़ी समस्या है। इस समस्या से हर दिन लोक दो-चार होते हैं। मुख्य मार्ग तो व्यवस्थित हैं, पर अंदर कालोनियों की सड़कें जर्जर है। इससे लोग परेशान होते हैं। एक अन्य बड़ी समस्या झुग्गी बस्तियां है। यहां राजनैतिक दखलंदाजी की वजह से हर दिन नई झुग्गी बस्ती तैयार होती है। वोट के चक्कर में जनप्रतिनिधि इस पर ध्यान नहीं देते हैं।

### लोकसभा क्षेत्र में कुल कितनी विधानसभा

संसदीय क्षेत्र भोपाल में कुल 8 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इसमें भोपाल जिले के सात जिसमें भोपाल उत्तर, नरेला, भोपाल दक्षिण-पश्चिम, भोपाल मध्य, गोविंदपुरा, हुजूर, बैरसिया व सीहोर जिले का सीहोर विधानसभा क्षेत्र शामिल है। इन आठ में से छह पर भाजपा का कब्जा है, जबकि दो विधानसभा क्षेत्रों भोपाल उत्तर में आतिफ अकील व भोपाल मध्य से आरिफ अकील कांग्रेस के विधायक हैं। इसी तरह बैरसिया विधानसभा में भाजपा के विष्णु खत्री, नरेला से विश्वास सारंग, भोपाल दक्षिण-पश्चिम से भगवान दास सबनानी, गोविंदपुरा से कृष्णा गौर, हुजूर से रामेश्वर शर्मा व सीहोर से सुदेश राय भाजपा से विधायक हैं। भोपाल लोकसभा क्षेत्र भाजपा का गढ़ माना जाता है। यहां भाजपा विजयी होती आई है।

### आबादी में जातीय समीकरण

भोपाल लोकसभा क्षेत्र के आठ में से दो विधानसभा क्षेत्र भोपाल उत्तर में 52 फीसदी हिंदू व 48 फीसदी मुस्लिम हैं। जबकि भोपाल मध्य में 60 फीसदी हिंदू व 40 फीसदी मुस्लिम हैं। किंतु दोनों सीटों पर कांग्रेस वह भी मुस्लिम प्रत्याशी ही जीतते हैं। इसकी मुख्य वजह यह है कि भोपाल उत्तर में हिंदू आबादी में सुदर्शन, जाटव व वाल्मिकी समाज के वोटर हैं। ऐसा माना जाता है कि वे पारंपरिक रूप से कांग्रेस के पक्ष वोट करते हैं। यही स्थिति भोपाल मध्य में भी है। बहुतायद अनुसूचित जाति की झुग्गी बस्तियों की आबादी को आसानी से वोट में तब्दील करने की कोशिश होती रहती है। बाकी क्षेत्रों में मिलाजुला है। यहां कोई जातीय समीकरण नहीं है। भाजपा हमेशा से चुनाव जीतती रही है।

## भाजपा का होली मिलन और बूथ समिति सम्मेलन आयोजित

# प्रत्येक मतदान केंद्र पर 370 वोट बढ़ाना हो हमारा लक्ष्य : नागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने-अपने मतदान केंद्र पर 370 वोट बढ़ाने का लक्ष्य दिया है। जिसे पार्टी कार्यकर्ता केंद्र व राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास के माध्यम से आसानी से प्राप्त कर अबकी बार चार सौ पार को भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकेगा।

उक्त विचार सोमवार को स्थानीय चौधरी मैरिज गार्डन में भारतीय जनता पार्टी मंडल नलखेड़ा के होली मिलन समारोह एवं बूथ समिति सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद एवं भाजपा के राजगढ़ लोकसभा से उम्मीदवार रोड़मल नागर ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारों द्वारा सिंचाई का रकबा कई गुना बढ़ा दिया है अब हर खेत को नहर से पानी मिलने लगा है और जो गांव छूट रहे हैं उन्हें भी मिलेगा। हमारी माता बहने दूर-दूर से पानी लाने को मजबूर होती थीं अब हर घर नल योजना के माध्यम से घर पर ही पानी पहुंचने लगा है। नागर ने कहा कि मां बगलामुखी मंदिर को रेल मार्ग






से जोड़ने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से वैश्विक नेता नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने के लिए देश को पुनः विश्व गुरु बनाने के लिए अबकी बार चार सौ पार के लक्ष्य को पाने के लिए कार्य में जुट जाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया ने स्वागत भाषण देते हुए बूथ समिति की कार्य योजना के संबंध में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष चिंतामण राठौर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा, अशोक लोढ़ा, पूर्व विधायक द्वय फूलचंद वेदिया, मुरलीधर पाटीदार, विधानसभा प्रभारी करणसिंह यादव आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम




का संचालन रमेश पाटीदार एवं आभार मंडल महामंत्री रितेश सोनी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी कार्यकर्ताओं को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गई एवं कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं के साथ फूलों से होली खेली गई।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रेम मस्ताना, विधानसभा बूथ विस्तारक मनोज हाड़ा, विधानसभा प्रभारी चेनसिंह सिसोदिया, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रेम राठौर, जिला मंत्री मुकेश लोढ़ा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी सहित जिला, मंडल के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के पूर्व सांसद रोड़मल नागर मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे जहां माता रानी के दर्शन किए। नागर समीपस्थ स्थित सांदीपेंद्र आश्रम भी पहुंचे जहां संतश्री सांदीपेंद्र महाराज से सौजन्य भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# पदयात्रा के दौरान लोग बीजेपी के झूठे वादे उजागर कर रहे : दिग्विजय सिंह

## वोटिंग के पहले ही दिग्विजय सिंह ने ईवीएम पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



राजगढ़ संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभा में पदयात्रा इसलिए कर रहा हूं ताकि लोगों से संपर्क हो सके। पैदल चलने से आम मतदाताओं से जीवित संपर्क हुआ है और बीजेपी के झूठे वादे उजागर कर रहे हैं। बीजेपी ने कहा था कि हम किसानों का गेहूं 2700 रुपए क्विंटल खरीदेंगे लेकिन कहां खरीद रहे हैं। किसान कम दामों पर अपनी उपज बेच रहा है।

राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार तथा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अपनी चुनावी पदयात्रा के दौरान सुसनेर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहना में आयोजित नुक्कड़ सभा में संबोधित करते हुए यह बात कही। पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने कहा कि मेरी लड़ाई शुरू से ईवीएम के खिलाफ रही है। वीवीपेट का सॉफ्टवेयर इस प्रकार का आ गया है, दिखता कुछ और है और छपता कुछ और है। चुनाव ऐसे हो कि वीवीपेट की पर्ची हमें दे दो, हम उसको मतपेटी में डाल देंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 400 लोग यदि चुनाव में खड़े होते हैं तो बैलेट पेपर से चुनाव हो सकते हैं, मैने लोगों को सुझाव दिया है, यदि 400 लोग खड़े हो जाए तो अच्छा है।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने ग्राम मोहना में राजगढ़ लोकसभा सीट से प्रत्याशी दिग्विजय सिंह के प्रचार के लिए आयोजित नुक्कड़ सभा के संबोधन के दौरान बीजेपी पर जमकर हमला बोला। लोकसभा चुनाव में प्रचार की शुरुआत के साथ ही नेताओं की जुबानी जंग भी शुरू हो गई है। सुसनेर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेसी विधायक भैरोसिंह परिहार बापू ने नुक्कड़ सभा में अपने संबोधन में बीजेपी पर चेलेंज करते हुए कहा कि भाजपा ने चुनाव में लाड़ली बहनों के खाते में 3000 रुपए की राशि डालने का वादा किया था लेकिन वो 1250 ही दे रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इन 5 साल में बीजेपी कभी भी 3000 रुपए नहीं देगी। यदि लाड़ली बहनों की राशि 3000 डाली दी जाती है तो वे कभी भी चुनाव नहीं लड़ेंगे तथा जनता की सेवा करेंगे।

### सशस्त्र सेना झंडा निधि में लक्ष्य से अधिक धनराशि के योगदान पर कलेक्टर सम्मानित

**नलखेड़ा।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस 2022 में लक्ष्य से अधिक धनराशि का योगदान करने पर राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा जिला कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह को प्रशंसा पत्र एवं ट्रॉफी से भोपाल में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। कलेक्टर की ओर से यह सम्मान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमाण्डर नगेश चन्द्र मालवीय (से.नि.) द्वारा ग्रहण किया गया। आगर-मालवा, जिले को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 2022 के लिए 1,92.000 का लक्ष्य दिया गया था उसके विरुद्ध जिले ने 2.02,060 रूपये का योगदान झण्डा दिवस में दिया है, जो लक्ष्य राशि का 105 प्रतिशत है। उक्त ट्रॉफी एवं प्रशंसा पत्र जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा आज कलेक्टर कार्यालय में उपस्थित होकर कलेक्टर सिंह को भेंट की गई। इस दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने सभी दानदाताओं एवं सहयोगकर्ताओं का आभार प्रदर्शित किया।



# मांगलिक भवन में मनाया उत्सव भजनों की प्रस्तुती पर झूमे श्रद्धालु

**कानड़।** मां बिजासन ग्रुप के तत्वाधान में शीतला सप्तमी पर मां बिजासन माता रोड स्थित मांगलिक भवन में फाग उत्सव मनाया गया। इस मौके पर सारंगपुर से आई भजन गायक अलका सोनी संतोष सोनी महिला भक्त मंडल द्वारा फाग उत्सव पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी गई। सुमधुर भजनों की प्रस्तुति पर युवतियों ने रंग गुलाल उड़ाते हुए जमकर मस्ती में झूलते हुए फाग उत्सव का आनंद लिया। फाग उत्सव में राधा कृष्ण की वेषभूषा धारण किए युवक युवती के साथ उत्सव में उपस्थित लोगों ने जमकर फुल गुलाल उड़ाकर होली खेली। इस मौके पर बडी संख्या में नगर की महिलाएं और युवतियां शमिल हुईं।



## शीतला सप्तमी पर सुबह से मंदिरों में महिलाओं की लगी रही भीड़

# शीतला माता की पूजा कर ठंडे व्यंजनों का लगाया भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

सोमवार को शीतला सप्तमी पर सुबह से ही माता शीतला के मंदिरों में महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। नगर के प्राचीन मां बिजासन माता के मंदिर में नगर की महिलाओं की शीतला माता की पूजन के लिए भीड़ लगी रही। मंदिर में सुबह से ही भीड़ के आलम यह थे कि अपनी बारी का इंतजार करते हुए महिलाओं को पूजा के लिए इंतज़ार करना पड़ा।

शीतला सप्तमी होली के सातवें दिन चैत्र माह के कृष्णपक्ष की सप्तमी तिथि पर मनाया जाता है। इस दिन शीतला माता का पूजन बासी और ठंडे व्यंजनों का भोग लगाया है। जिसके बाद घर के सभी सदस्य सिर्फ ठंडे व्यंजन ही खाते हैं। शीतला माता का मंदिर वटवृक्ष के समीप ही होता है। इसलिए शीतला माता के पूजन के बाद वट की पूजा भी की जाती है। ऐसी मान्यता है कि इस व्रत को करने से शीतला



देवी धन-धान्य से पूर्ण कर प्राकृतिक



विपदाओं से दूर रखती हैं। इसके साथ ही पूजा करने एवं नियम और संयम से व्रत रखने पर चेचक, खसरा आदि रोगों का प्रकोप नहीं फैलता है। सुबह स्नान करके शीतला मां की पूजा की जाती है। इस दिन घर में ताजा भोजन नहीं बनाया जाता। शीतला सप्तमी के एक दिन पहले मीठा भात,पकौड़े, रबड़ी, रोटी और पूड़ी सब्जी आदि बनाए जाते हैं। रात को सारा भोजन बनाने के बाद रसोईघर की सफाई करके पूजा की जाती है। पूजा में रोली, मौली, पुष्प, वस्त्र आदि अर्पित किया जाता है। इस पूजा के बाद चूल्हा नहीं जलाया जाता।

### परिवार में सुख-शांति, समृद्धि व आरोग्य की कामना को लेकर शीतला माता की पूजा की

**नलखेड़ा।** शीतला सप्तमी पर्व पर महिलाओं द्वारा परिवार में सुख-शांति, समृद्धि तथा आरोग्य की कामना को लेकर शीतला माता की पूजा अर्चना कर उन्हें भोग लगाकर परिवार में सभी को ठंडा भोजन करवाया गया। नगर के प्राचीन शीतला माता मंदिर जहां रविवार रात से ही महिलाओं की भीड़ पूजन के लिए उमड़ी। नगर के गोविंदपुरा मोहल्ले में स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर की विशेष साफ-सफाई कर रोशनी की गई व मन्दिर पर सजावट की गई। जहां महिलाओं द्वारा मंदिर पर पहुंचकर पूजा अर्चना के साथ माता के समक्ष परिवार की सुख समृद्धि के साथ आरोग्य की कामना व पति की दीर्घायु हेतु कामना करते हुए उन्हें विभिन्न सामग्रियों का भोग लगाया गया। तथा पूजन के बाद घर पर आकर महिलाओं द्वारा मकान के प्रवेश द्वार की दीवारों पर हल्दी कुमकुम के छापे लगाए गये। शीतला सप्तमी को लेकर नगर के सभी हिंदू परिवारों में रविवार को विभिन्न पकवानों के साथ भोजन भी तैयार किया गया तथा सोमवार को किसी भी घर में चूल्हा न जलाते हुए सभी ने ठंडा भोजन ही ग्रहण किया। इस पर्व को लेकर मंदिर तक पहुंचने वाले सभी मार्गों की नगर परिषद द्वारा विशेष साफ सफाई करवा कर मार्ग पर समुचित व्यवस्था की गई। वहीं सुरक्षा हेतु पुलिस प्रशासन ने विशेष बल सभी मार्गों पर तैनात किया है।



**खबर संक्षेप**

### बैरागी उज्जैन आलोट लोकसभा प्रभारी बने



**देवास।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा, भाजयुमो की प्रदेश प्रभारी एंव भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा की सहमति से युवा मोर्चा के यशस्वी प्रदेशाध्यक्ष वैभव पँवार ने आगामी लोकसभा चुनाव एवं युवा चौपाल यूथ कनेक्ट के निमित्त उज्जैन आलोट लोकसभा प्रभारी भाजयुमो प्रदेश मंत्री दीपक बैरागी को नियुक्त किया है। श्री बैरागी के मनोनयन पर पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं इष्ट मित्रों ने बधाई दी है। उक्त जानकारी दुर्गेश चिल्लोरिया ने दी।

### मंडी चुनाव निर्विरोध संपन्न, परवाल अध्यक्ष व अग्रवाल सचिव



**देवास।** अनाज मंडी का त्रिवार्षिक चुनाव 29 मार्च को निर्विरोध संपन्न हुआ। जिसमें संजय परवाल अध्यक्ष तथा अर्पित अग्रवाल सचिव, उपाध्यक्ष राजेन्द्र जैन, कमलेश भानुशाली, कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, सहसचिव नमन अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य सुधीर जैन, अरविंद जैन, आलोक मंगल, सुनील राठौर, सुनील कुमावत, रितेश जैन चुने गए। कोऑप्शन में हरीश अग्रवाल एवं भरत अग्रवाल को नियुक्त किया। विशेष आमंत्रित में गोविंद अग्रवाल, गोविंद भूतड़ा, पिंटू अग्रवाल, गौरव शर्मा एवं पुनीत अग्रवाल को नियुक्त किया।

### बजरंग सेना संगठन की भगवा यात्रा 9 अप्रैल को

**देवास।** बजरंग सेना संगठन द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस 17 वे वर्ष भी हिन्दू नववर्ष, गुड़ी पड़वा के महापर्व पर भारतीय संस्कृति का परचम लहराते हुए हिन्दुत्व एकता दिखाने के उद्देश्य एवं धर्म रक्षा के संकल्प के साथ भव्य भगवा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा संयोजक एवं संगठन संस्थापक एडवोकेट उमेश चौधरी ने बताया कि भगवा यात्रा 9 अप्रैल, मंगलवार को शाम 5 बजे रामदेव मंदिर सयाजी द्वार से पंचमुखी हनुमान जी महाआरती के साथ प्रारंभ होगी। जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए कालानी बाग स्थित हनुमान मंदिर पर पहुंचकर सम्पन्न होगी। यात्रा पश्चात महाआरती के साथ महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। संगठन ने समस्त हिन्दू समाज से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म ध्वजा का परचम लहराने की अपील की है।

### 3 लाख 68 हजार क्विंटल से अधिक गेहूं खरीदा

**देवास।** जिला आपूर्ति अधिकारी शालू वर्मा ने बताया कि जिले में उपार्जन का कार्य 20 मार्च से प्रारंभ हुआ, जिसके अंतर्गत सोमवार तक 03 लाख 68 हजार क्विंटल से अधिक गेहं खरीदा गया। गेहूं खरीदी के लिए जिले में 135 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। गेहूं विक्रय के लिए जिले के 58 हजार 177 किसानों ने पंजीयन कराया है।

#### गर्मी में पानी वितरण के लिए प्राइवेट बोरिंग का अधिग्रहण करने दिए निर्देश

# कलेक्टर के निर्देश: बिना मेडिकल बोर्ड रिपोर्ट के ड्यूटी निरस्त नहीं की जाएगी

### जिले में आदर्श मतदान केन्द्रों का चयन कर लें, मतदान केन्द्रों पर सभी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में समय-सीमा संबंधी लंबित पत्रों के निराकरण की प्रगति तथा अंतरविभागीय समन्वय से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिले में स्वीप गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को जागरूक करें। अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि चेक पोस्टों पर लगातार कार्यवाही जारी रखें। एसएसटी/एफएसटी टीम लगातार कार्यवाहियां करें। चेक पोस्टों पर लाइट/पानी की व्यवस्था करें। एसडीएम समय-समय पर स्ट्रांग रूम और चेक पोस्टों पर स्वयं जाये। गुप्ता ने कहा कि जिले में आदर्श मतदान केन्द्रों का चयन कर लें। मतदान केन्द्रों पर सभी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करें। चयनित मतदान केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की कार्यवाही करें। सीईओ जनपद सप्ताह में दो बार मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करें।

85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं से 12डी फार्म भरवाने की तैयारी कर लें। लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान दलों को ट्रेनिंग दें और ट्रेनिंग के समय एसडीएम भी उपस्थित रहें। निर्वाचन कार्य में जिन अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। वे बिना अनुमति के अवकाश पर नहीं जाये। बिना मेडिकल बोर्ड रिपोर्ट के किसी भी अधिकारी/कर्मचारी की ड्यूटी निरस्त नहीं की जायेगी। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में आदर्श आचरण संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित हों, इसका ध्यान रखें। सभी नोडल अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यवाही करें। मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करें।

गुप्ता ने निर्देश दिए की निर्माणाधीन नल जल योजनाओं और सीएम राईज स्कूलों को समय-सीमा में पूर्ण करें। जिले में जो भी निर्माण कार्य चल रहे है उन्हें समय-सीमा में पूर्ण करें। कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए प्राइवेट बोरिंग का भी पानी वितरण के लिए अधिग्रहण कर लें। प्राईवेट पानी के टेंकरों से पानी की सप्लाई पर रोक लगाये। ग्रीष्म ऋतु में मजरे-टोलों में पानी की व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें और आवश्यक होतो बोरिंग भी करायें। एसडीएम की अनुमति के बिना जिले में नये बोरिंग नहीं होंगे। सभी एसडीएम ग्रामीण क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करें। प्रतिदिन मॉनिटरिंग के लिए जनपदस्तर पर कंट्रोल रूम बनाये।वन विभाग को निर्देश दिये कि अन्य पौधों के साथ फलदार पौधो का रोपण की कार्ययोजना बनाये। भूमि अधिकरण कर एनएच को कब्जा दिलाकर कार्य शुरू करायें। जिले में बोरी बंधान का कार्य करें। कोटपा अधिनियम के तहत जिले में लगातार कार्यवाही करें।बैठक में सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम देवास बिहारी सिंह, संयुक्त कलेक्टर प्रियंका मिमरोट, डिप्टी कलेक्टर संजीव सक्सेना, डिप्टी कलेक्टर प्रवीण प्रजापति, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

# तीन मंजिला मकान के ऊपरी हिस्से में लगी आग

### हादसे में महिला सहित तीन झुलसे



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सोमवार को अलंकार मार्केट में एक मकान की तीसरी मंजिल पर बने कमरे में आग लग गई। हादसे में तीन लोग झुलस गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। आगजनी की घटना के बारे में जब परिजनों से जानकारी लेनी चाही तो वे अलग-अलग बात कर रहे थे। मामला पुलिस के पास पहुंचा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शिनाख्त की पुलिस को मौके से बारुद से बने अनार मिले साथ ही बारूद से काम करने के लिए हाथ के दस्ताने भी पुलिस को मिले।

प्राथमिक जानकारी में यह बात सामने आई की मकान की तीसरी मंजिल में बारूद से अनार बनाने का काम पिछले कई वर्षों से चला आ रहा था, घटना के बाद वहां पर पुलिस ने मुआयना किया तो बारूद की गंध भी आ रही थी। घटना की जानकारी मिलते ही निगम का दमकल वाहन भी मौके पर पहुंचा लेकिन परिजनों ने यह कहकर दमकल को रवाना कर दिया कि मामूली आग थी जिसे उन्होंने ही बुझा दिया था। संभवतः आगजनी की घटना का कारण भी यही रहा है। मामले को लेकर कोतवाली थाना पुलिस ने प्रकरण को जांच में लेकर फॉरेंसिक टीम को भी जांच के लिए भेजा है। घायलों में शहजाद पिता गफ्फार, फैजान पिता गफ्फार, आरजू पति शहजाद है। मकान में रहने वाले सरोवर खान ने बताया कि तीसरी मंजिल पर खाना बनाते हुए आग लग गई थी, कमरा छोटा था, अचानक आग लग गई। जबकि अस्पताल में अन्य परिजनों से पूछताछ करने पर उन्होनें बताया था कि शार्ट सर्किट से आगजनी की घटना हुई। मामले को लेकर जिला चिकित्सालय के डॉक्टर गुप्ता ने बताया कि तीन घायलों को लाया गया था, तीनों करीब 50 प्रतिशत झुलसे हुए थे, तीनों को उनके परिजन यहां से निजी अस्पताल ले गए हैं। पुलिस ने मौके से बारुद से बना अनार जब्त किया, साथ ही बारुद का काम करने में सहायक हाथ में पहनने के मोजे पुलिस ने जब्त किए हैं। बताया गया है कि यहां पर वर्षों से अनार बनाने का कार्य किया जाता रहा है, सूत्रों ने बताया कि आगजनी की घटना का कारण भी यही रहा है, क्योंकि घटना के बाद पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई थी। मामले की जानकारी मीडिया को लगी उसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। मामले में कोतवाली थाना प्रभारी दीपक यादव ने कहा कि घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी पुलिस के पहुंचने से पूर्व आग बुझा दी गई थी। घटना को लेकर परिजनों ने शार्ट सर्किट की सूचना दी थी, बारुद से अनार बनाने की सूचना मिली है मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने एक अनार जब्त किया है, फारेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची थी इसकी जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### न्यूज चैनलों की हो रही मॉनिटरिंग

**देवास।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत न्यूज चैनलों पर निर्वाचन संबंधी समाचारों, आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन से संबंधित समाचारों व पेड न्यूज पर सघन निगरानी के लिए एमसीएमसी कमेटी का गठन किया गया है। आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही एमसीएमसी कमेटी ने कार्य शुरू कर दिया है। चामुण्डा कॉम्पलेक्स में तीसरी मंजिल पर एमसीएमसी कक्ष बनाया गया है। एमसीएमसी कक्ष में टेलीविजन लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से न्यूज चैनलों की मॉनिटरिंग की जा रही है।

## पानी की समस्या से त्रस्त होकर नगर निगम पहुंचे वार्ड 42 अमृत पार्क के रहवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



वार्ड क्रं. 42 अमृत पार्क में पानी की समस्या से त्रस्त होकर कालोनीवासी सोमवार को नगर निगम पहुंचे। जहां महापौर एवं निगम आयुक्त के नाम आवेदन दिया। रहवासियों ने बताया कि वार्ड क्रं. 42 इंटरनेशनल स्कूल के पीछे स्थित अमृत पार्क कालोनी के रहवासी काफी समय से पानी की समस्या से जुझ रहे है। नल कनेक्शन होने के बावजूद नलों में पानी नही आ रहा है। 200 फीट नवीन पाईप लाईन टंकी से ओर से लग जाए तो पानी की समस्या का निराकरण हो सकता है। कई बार आवेदन दिया, किंतु निराकरण नही हो पाया। सीएम हैल्पलाईन पर भी शिकायत की गई, फिर भी अभी तक निराकरण नही हो पाया। रहवासियों ने बताया कि गर्मी शुरू हो गई है, जिससे आने वाले दिनों में पानी नही होने से हमारा जन-जीवन अस्त व्यस्त हो जाएगा। कालोनीवासियों ने इसके पूर्व वर्ष 2023 में कई बार महापौर जनसुनवाई में शिकायत की, लेकिन कोई हल नही निकला। कालोनीवासियों ने मांग की है कि शीघ्र ही पानी की समस्या का निराकरण किया जाए। अन्यथा सभी रहवासी निगम का घेराव कर धरना प्रदर्शन करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी निगम के जवाबदार जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों की होगी।

### चैत्र नवरात्रि पर 9 दिनों तक महायज्ञ, कन्या भोज व फरियाली छाछ का भव्य आयोजन

**देवास।** चैत्र नवरात्रि महापर्व को लेकर रविवार को मां चामुंडा सेवा समिति की बैठक का शुभारम्भ उदासीन मठ सीडी मार्ग पर संत पूर्णानंद महाराज एवं समाजसेवी नारायण व्यास, नरेंद्र मिश्रा के आतिथ्य में मां चामुंडा की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 9 दिनों तक महायज्ञ, कन्या भोज एवं मां चामुंडा मां तुलजा भवानी के दर्शनार्थ आने वाले श्रद्धालुओं के लिए फरियाली छाछ का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। सेवा पंडाल का शुभारंभ 9 अप्रैल को होगा। श्रद्धालुओं की प्यास बुझाने के लिए 9 दिनों तक ठंडे पानी की प्याऊ भी लगाई जाएगी। प्रतिदिन 9 दिनों तक महायज्ञ यज्ञाचार्य पंडित देवी शंकर तिवारी के आचार्यत्व में होगा। समिति के अध्यक्ष राजेश गोस्वामी ने बताया कि पूजा मिल्क सेंटर की ओर से छाछ की व्यवस्था रहेगी। इस अवसर पर मां चामुंडा सेवा समिति संयोजक रामेश्वर जलोदिया, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल, महासचिव इंदर सिंह गौड़, अरस्तुल मधुर, कमल चावला, अभिभाषक एहतेश्याम उल हक,चंद्रभान नानवानी, उम्मेद सिंह राठौर, प्रदीप लाठी, मुरलीधर पांचाल, सुरेंद्र सिंह तोमर,संजय पानसरे, राधेश्याम बोडाना, प्रेम पंवार, पवन यादव सहित समिति पदाधिकारी सामाजिक एवं धार्मिक संस्था पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सनातन विचार मंच की साधारण सभा में संपन्न हुए वार्षिक निर्वाचन, महेंद्र कुमार बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सनातन विचार मंच की वार्षिक साधारण सभा बालगढ रोड लक्ष्मण नगर स्थित सरस्वती ज्ञानपीठ में सम्पन्न हुई। संस्थापक रविन्द्र भारद्वाज ने बैठक में ग्राम पीपरी में मंच द्वारा चलाए जा रहे अन्नक्षेत्र, प्राकृतिक चिकित्सा एवं अध्ययन केन्द्र आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही वर्ष 2024-25 में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी भी बैठक में दी गई। संस्था के वार्षिक निर्वाचन चुनाव अधिकारी डॉ. बी.के. तिवारी द्वारा सम्पन्न कराए गए। जिसमें सर्वानुमति से अध्यक्ष महेन्द्र कुमार नागर, उपाध्यक्ष नवीन नाहर, महासचिव जितेन्द्र वर्मा (राकेश), कोषाध्यक्ष अल्केश दावण्डे, संचालक मण्डल में पूर्व मंत्री पं. दीपक जोशी, डॉ. के.के. धूत, कमल बर्डिया, प्रेमनाथ तिवारी, डॉ. वालिम्बे आदि निर्वाचित हुए।

सभा में पीपरी से गिरधर गुप्ता, लोकेश जैन, सतीश अग्रवाल, आर.पी. मिश्रा, देवास से पार्षद प्रतिनिधि अजबसिंह ठाकुर, जयदीप राठौर, शशांक शर्मा, आर.सी. पालीवाल, ओपी तापडिया, शुभम वर्मा, डॉ. गुप्ता, डॉ. अग्निहोत्री, गोरधन चंदेल, महेन्द्र पंड्या सहित बडी संख्या में मंच के कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त जानकारी डॉ. जयसिंह सेंधव ने दी।

## महिलाओं ने पूजन कर ठंडे पकवानों का लगाया शीतला माता को भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



सोमवार के दिन शीतला सप्तमी पर शीतला माता को ठंडे पकवानों का भोग लगा कर महिलाओं द्वारा पुजन किया गया।महिलाओं द्वारा छठ की रात्रि को ही पकवान बना लिए जाते हैं। बने हुए पकवानों का सप्तमी के दिन शीतला माता का पूजन अर्चन कर भोग लगाया जाता हैं। माता से घर की सुख शांति की कामना की जाती हैं।पूजन के पश्चात मंदिर परिसर में महिलाओं द्वारा गेहूं के खेत बनाए गए। रात्रि 2 बजे से ही महिलाएं प्रजापत मोहल्ले में स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर पर पूजन के लिए पहुंचने लगी थी। मंदिर पुजारी नारायण प्रजापत ने बताया कि महिलाओं ने शीतला माता का पूजन कर परिवार व नगर की सुख शांति की कामना की। नारायण प्रजापत ने बताया कि मान्यता है कि शीतला सप्तमी व्रत को करने से कई तरह के रोगों से मुक्ति मिलती है। इस दिन माता शीतला का पूजन करने से चेचक, खसरा, बड़ी माता, छोटी माता जैसी बीमारियां नहीं होती हैं। साथ ही यह तिथि ऋतु परिवर्तन का संकेत भी देती है।

#### पंचज अभियान के तहत आयोजित हुआ अप्रैल कूल वृक्षारोपण कार्यक्रम

# न्यायिक परिवार ने पर्यावरण संरक्षण के लिए रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मधुसूदन मिश्र की अध्यक्षता में ''पंचज अभियान'' अंतर्गत ''अप्रैल कूल वृक्षारोपण कार्यक्रम'' पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय की उपस्थिति में औद्योगिक क्षेत्र थाना परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समस्त न्यायिक परिवार द्वारा अप्रैल कूल वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता कर थाना औद्योगिक क्षेत्र परिसर में पौधारोपण किया गया।न्यायाधीश मिश्र ने बताया कि वर्तमान में हो रहे पर्यावरण परिवर्तन के कारण अप्रैल माह के शुरूआत से ही भीषण गर्मी प्रारंभ हो गई है। जिसको देखते हुए अप्रैल कूल वृक्षारोपण कार्यक्रम में आज समस्त न्यायिक परिवार द्वारा पर्यावरण के संरक्षण के लिए पौरोपण किया गया है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण निहारिका सिंह ने कहा कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार ''पंचज अभियान'' में जिला एवं समस्त तहसील विधिक सेवा समितियों में पदस्थ न्यायिक अधिकारीगण द्वारा अप्रैल कूल वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जो पौधे न्यायिक परिवार द्वारा रोपे गये है। उनका संरक्षण भी किया जायेगा। वर्तमान में हो रहे जलवायु परिवर्तन के लिए वृक्षारोपण आज की महती आवश्यकता है। बढते हुए पर्यावरण प्रदूषण को देखते हुए समस्त नागरिको का यह कर्तव्य है कि वे भी समय-समय पर अधिक से अधिक पौधे रोपे और उनका संरक्षण भी करे। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश दिनेश प्रसाद मिश्र, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सविता सिंह, एडीजे मनीष सिंह, सोनल पटेल, डॉ महजबी खान, यशपाल सिंह, अनुसिंह, सीजेएम रविकांत सोलंकी सहित समस्त न्यायाधीशगण ने भी पौधारोपण किया। इसके साथ ही थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया एवं पुलिसकर्मियों, लीगल एड डिफेंस कांउसेल सिस्टम देवास के चीफ, डिप्टी एवं असिस्टेंट, पैरा लीगल वॉलेंटियर्स एवं जिला प्राधिकरण देवास के कर्मचारियों द्वारा भी पौधारोपण किया गया।

## बागली क्षेत्र में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



भागवत कथा सुनने वाला हर एक व्यक्ति सौभाग्यशाली होता है, क्योंकि भागवत कथा सुनने का अवसर सौभाग्यशाली व्यक्तियों को ही मिलता है। ऐसे कई लोग है, जो घर पर ही बैठे हैं, लेकिन कथा पंडाल तक नहीं आ पाए, यह आपका सौभाग्य है जो आप यहां कथा सुन रहे हो। उक्त विचार बागली के बैहरी मार्ग पर भार्गव परिवार द्वारा आयोजित की गई, सात दिवसी भागवत कथा के समापन अवसर पर कथावाचक मालवा के संत कमल किशोर नागर ने कही। संत नागर ने कहा कि सनातनियों को जागना होगा, और यदि कोई हमारे धर्म के प्रति गलत कार्य, गलत प्रचार करता है,तो उसका हमें विरोध करना चाहिए। हमें हमारे धर्म के लिए भारतीय संस्कृति से जुड़ कर रहना होगा। समापन अवसर पर जटाशंकर सेवा समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह राजपूत, नारायणसिंह पाटीदार, राजेंद्र पालसिंह सेंगर सहित अन्य सभी सदस्यों द्वारा कथा वाचक संत कमल किशोर नागर का भगवान जटाशंकर महादेव का चित्र भेंट कर व शाल श्रीफल से अभिनंदन किया गया। समापन अवसर पर खातेगांव विधायक आशीष शर्मा कथा में सम्मिलित हुए। कथा के विराम के पश्चात विधायक आशीष शर्मा द्वारा कथा वाचक संत कमल किशोर नागर का शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान महेंद्र गुर्जर ने भी कथा वाचक का स्वागत किया। आयोजन कर्ता बागली एसडीओपी सृष्टि भार्गव एवं भार्गव परिवार के सभी सदस्यों का शाल श्रीफल से अभिनंदन किया गया। इस दौरान ओम महाशक्ति ग्रुप एवं विपिन शिवहरे मित्र मंडल बागली द्वारा पार्किंग व्यवस्था में सहयोग किया गया। समापन अवसर पर विपिन शिवहरे के नेतृत्व में सदस्यों ने संत का स्वागत किया गया।

## खबर संक्षेप

### जवाहर नवोदय विद्यालय में देवांश का चयन

**श्यामपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय श्यामपुर में कक्षा 6 में चयन होने पर ग्रामीण जनों ने देवांश को बधाई दी। श्यामपुर के शिक्षक गोविंद सिंह ठाकुर के पुत्र देवांश का नवोदय विद्यालय श्यामपुर में चयन होने पर सभी नगर बंधु ने दी बधाई।

### महिला मंडल ने मनाया फाग महोत्सव

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी चौरसिया महिला मंडल के तत्वाधान में शहर के छावनी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में फाग महोत्सव का आयोजन किया गया था। इस मौके पर महिला मंडल की अध्यक्ष जयश्री चौरसिया सहित बड़ी संख्या में महिला उपस्थित थी। जिन्होंने भजन और संगीत के साथ फूलों से होली खेली।

### सार्वजनिक और सामान्य अवकाश घोषित

**सीहोर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में प्रदेश के विभिन्न लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चार चरणों में मतदान होगा। राज्य शासन ने संबंधित क्षेत्रों में मतदान के दिन निगोशिएबल इन्सटूमेंट्स एक्ट की धारा 25 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित किया है। प्रथम चरण में 19 अप्रैल द्वितीय चरण में 26 अप्रैल तृतीय चरण में 7 मई एवं चतुर्थ चरण में 13 मई को सामान्य अवकाश घोषित किया है।

### 7 और 13 मई को दो चरणों में होगा मतदान

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की तारीखों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता भी पूरी तरह से प्रभावशील हो गई है। जिसका सख्ती से पालन कराया जाएगा। भोपाल संसदीय क्षेत्र-19 भोपाल के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र सीहोर-159 में 265 मतदान केन्द्रों के माध्यम से 223671 मतदाता अपने मतधिकार का प्रयोग कर भोपाल संसद का चुनाव करेंगे। इसी प्रकार संसदीय क्षेत्र 18 विदिशा के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र 156-बुधनी में 363 मतदान केन्द्रों के माध्यम से 276599 मतदाता और इछावर में 275 मतदान केन्द्रों के माध्यम से 226913 मतदाता विदिशा संसदीय क्षेत्र के सांसद का चुनाव करेंगे।

गर्मी शुरू होते ही पेयजल के लिए परेशान हो रहे कॉलोनीवासी

# जल संकट से परेशान कॉलोनीवासी न टंकी बनी न पाइपलाइन डली

मार्च माह के अंत और अप्रैल माह की शुरूआत के साथ ही आष्टा शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट शुरू हो गया।



हरिभूमि न्यूज ▸▸ आष्टा

गर्मी शुरु होते ही आष्टा क्षेत्र के कई गांवों में जल संकट की आहट सुनाई देने लगी है। शहर में भी कई कॉलोनी में लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। हर वर्ष गर्मी आती है और कई क्षेत्रों में लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ता है। सिद्धिगंज, खाचरोद, जावर क्षेत्र के कई गांवों में लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बुहत से गावं ऐसे भी हैं जहां पर नल जल योजना भी बंद है। इसके वजह से लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।रंग पंचमी पर शहर के कई वार्डों में पानी की सप्लाई नहीं की गई।

### शहर के कई वार्डों में भी जल संकट

शहर के पुराना भोपाल इंदौर मार्ग के पास स्थित पीएम आवास कॉलोनी में भी वहां के रहवासियों को गर्मी शुरू होते ही जल संकट का सामना करना पड़ता है। कई बार जिम्मेदारों और वार्ड पार्षद को समस्याओं से अवगत करा दिया लेकिन अभी तक कॉलोनी में जल संकट की समस्या हल नहीं की गई।

### सुबह से लोग नल में कूप्पी टांग देते हैं

पीएम आवास कॉलोनी में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि टैंकर आने से पहले टंकी के नल में लोग कुप्पी लगाकर लाइन लगा कर खड़े हो जाते हैं। पीएम आवास कॉलोनी में नल लाइन में प्रेशर नहीं होने कारण कॉलोनी में पानी नहीं पहुंचता है। कुछ घर के लोग ही पानी भर पाते हैं। यहां पर रहवासी कई दिनों से नई टंकी ,पाइप लाइन की मांग कर रहे हैं। लेकिन अभी तक पाइपलाइन नहीं डाली गई। इधर, कॉलोनी में तीन टंकी रखी है। लेकिन टंकियों में पानी एक दिन छोड़कर भरा जाता है।

### एक घंटे में खाली हो जाती है टंकी

पीएम आवास कॉलोनी में 300 से अधिक लोग रहते हैं। जैसे ही टंकियां में पानी डालते 1 घंटे में ही टंकियों से पानी खाली हो जाता है। कॉलोनी के रमेश चंद गुप्ता, रवि राठौर ने बताया कि 4 वर्ष होने को आए हैं। पीएम आवास कॉलोनी में नगर पालिका ने ना तो पानी की टंकी बनाई और ना ही पाइप लाइन डाली हमें मजबूरी में इधर-उधर से पानी भरना पड़ता है। इसलिए नगर पालिका नई पाइपलाइन डाले और जो टैंकर आ रहे हैं उन्हें नियमित रोज टंकियां में टैंकर डलवाए।

### समस्या हल की जाएगी

सीएमओ राजेश सक्सेना ने बताया कि पीएम आवास कॉलोनी में जो भी समस्याएं हैं। उन्हें जल्द ही दूर की किया जाएगा। पानी की टंकी का भी जल्दी ही निर्माण किया जाएगा। टैंकर को नियमित भेजा जाएगा।

# खेल प्रतिभाओं को तराशेगी दिल्ली फुटबाल अकादमी

20 दिवसीय प्रशिक्षण होगा शुरू



हरिभूमि न्यूज ▸▸ आष्टा

शहर के चर्च मैदान पर इन दिनों मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में अंडर-20 नेशनल फुटबाल प्रतियोगिता के लिए 20 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत रविवार को होली पर्व की छुट्टी के उपरांत दूसरे सत्र का शुभारंभ किया गया। इसके अंतर्गत एक मैच का आयोजन किया गया था।

इसमें ब्लू की ओर से एक तरफा मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्रीन फुटबाल टीम को 2-0 से हराया। इस मैच में ब्लू की ओर से हरिफ और रोहन ने एक-एक गोल किया था। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिला संस्कार मंच के संयोजक सुमित भानू उपाध्याय, जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया, मनोज दीक्षित मामा आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। श्री उपाध्याय ने कहा कि खेल के साथ जीवन में पढ़ाई का काफी महत्व है। इसलिए खिलाड़ियों को मैदान के साथ विद्यालय में भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव श्री कन्नोजिया ने बताया कि बीस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। फुटबाल एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट विद्युत मालेकर के नेतृत्व में किया जा रहा है। चयन के पश्चात अब 40 खिलाड़ी अभ्यास कर रहे है। प्रत्येक खिलाड़ी को 200 मिनट का दोनों सेशन में टाइम दिया गया साथ में टीम के मुख्य कोच आशीष पिल्ले, दीपक परदेसी, राहुल मेहता, सहायक कोच विपिन पवार, नेशनल रेफरी ज्योति गौर, आनंद उपाध्याय को शामिल किया गया।

जिनकी देखरेख में यह कैंप आयोजित किया जा रहा। चर्च मैदान में आगामी दिनों में 10 वर्ष से 14 साल की आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए दिल्ली की अकादमी आने वाली है। ट्रांजेक्शन फुटबाल अकादमी दिल्ली लंबे समय से खेल प्रतिभाओं को तराश कर उन्हें फुटबॉल में उच्च कोटि की खिलाड़ी बनाने में लगा हुआ है।

### कर्नाटक में सम्मानित हुए अमन पटेल



**आष्टा।** एसबीएस कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र अमन पटेल पुत्र सुधीर पटेल को ग्रेजुएशन एनआईटी भोपाल से व एमबीए के लिए आईआईएम लखनऊ में शामिल होकर 98 प्रतिशत के साथ ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप के पश्चात बजाज कंज्यूमर केयर में मार्केटिंग मैनेजर के पद पर चयनित होने पर संस्था संचालक भोलू सिंह ठाकुर सहसंचालक जीवन सिंह ठाकुर, प्राचार्य रीना ठाकुर ने बधाई दी।

# रंग पंचमी के एक दिन बाद हिंदू उत्सव समिति ने पुलिस प्रशासन के साथ जमकर खेली होली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आष्टा

शहर में रंग पंचमी के बाद रविवार को पुलिस विभाग ने जमकर होली खेली कन्नौद रोड स्थित थाना परिसर में जमकर रंग लाल उड़ा पुलिस अधिकारी, पुलिसकर्मी सभी ने मिलकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया। पुलिस की होली में हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष कालू भट्ट ने भी पहुंचकर सभी को रंग गुलाल लगाया। दरअसल आष्टा में 6 दिवसीय रंगारंग महादेव की होली का समापन कल रंग पंचमी पर हो गया था होली के त्यौहार के दृष्टिगत 6 दिन तक पुलिस प्रशासन ने होली के दौरान शहर मैं चक चोबंद व्यवस्था की आज सातवें दिन आष्टा नगर स्थित थाने में जमकर रंग और गुलाल उड़ा हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट् व कुशल पाल लाला रंग गुलाल लेकर आष्टा थाने पहुंचे वहां पर अनुविभागीय पुलिस अधिकारी एसडीओपी आकाश अमलकर ,आष्टा थाना प्रभारी रविंद्र यादव, पर्वती थाना प्रभारी चिन्मय मिश्रा, और पूरे स्टाफ को तिलक लगाकर स्वागत सम्मान कर होली की शुरुआत की।समिति ने भी सभी का आभार व्यक्त कियाइस अवसर पर थाने में जमकर पुलिसकर्मियों ने एक दूसरे को रंग लगाया कालू भट्ट ने होली महोत्सव में 6 दिन पूर्ण रूप से सहयोग प्रदान करने पर एसडीएम स्वाति उपाध्याय, तहसीलदार पंकज पवैया, नायब तहसीलदार मुकेश सावले, एसडीओपी आकाश अमलकर, थाना प्रभारी आष्टा रविंद्र यादव ,पर्वती थाना प्रभारी चिन्मय मिश्रा, नगर पालिका मुख्य अधिकारी राजेश सक्सेना सहित सभी होली महोत्सव में लगे कर्मचारियों अधिकारियों साहित आष्टा के सभी जनप्रतिनिधि गण सभी समाज के अध्यक्ष जनप्रतिनिधि गण व्यापारी संगठन का आभार व्यक्त किया है।





# 38 डिग्री सेल्सियस पहुंचा अधिकतम तापमान, पारे में और होगी बढ़ोतरी

**सीहोर।** जिले में इन दिनों मौसम के दो रंग देखने को मिल रहे हैं। कभी धूप कभी छाव, कभी तेज हवा और कभी रिमझिम बारिश, लेकिन दोपहर के समय में तेज धूप के कारण लोगों को भीषण गर्मी का एहसास होने लगा है। अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस का प्रभाव आज भी रहने की संभावना है। इसी कारण मौसम में बार-बार परिवर्तन देखने को मिल रहा है। लेकिन रविवार को दिन में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि अभी मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहेगा, आने वाले दिनों में धीरे-धीरे तापमान में और बढ़ोतरी दर्ज होने की संभावना है।

**बदलते मौसम में फैल सकती हैं बीमारियां:** सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने जानकारी दी कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान भीषण गर्मी, सम्भावित हीट वेव लू, हीट स्ट्रोक तापघात और वायु प्रदूषण के कारण उत्पन्न होने वाली बीमारियों के लक्षणों, निदान, उपचार तथा बचाव को लेकर चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टाफ व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

# विक्रम सिंह पडियार ने 3200 किलोमीटर पैदल चलकर की मां नर्मदा जी की परिक्रमा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जावर

ग्राम कालापीपल के विक्रम सिंह पडियार ने संपूर्ण 3200 किलोमीटर की मां नर्मदा जी की पैदल परिक्रमा कर घर लौटे। इस दौरान श्री राम कुटी सीहोर के महंत श्री 108 श्री उद्धव दास महाराज और श्री ब्रह्मचारी महाराज दंडी स्वामी नवाडा नेमावर आश्रम द्वारा निवास कालापीपल पर पहुंचे और उन्हें शुभ आशीर्वाद दिया। मां नर्मदा जी की महिमा सत्संग में सुनाई गई। इस अवसर पर उनके परिवार के द्वारा महाप्रसाद कन्या भोज और भंडारे का आयोजन किया गया ।

# जावर पुलिस ने 63 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जावर




चुनाव आचार संहिता के पालन में पुलिस पार्टी के भ्रमण के दौरान ग्राम कजलास थाना जावर में सिद्दू लाल मालवीय की दुकान के पीछे आरोपी अंबाराम पिता मुंशीलाल नि. इंदिरा कॉलोनी कजलास को 7 पेटी देशी मदिरा शराब प्लेन जिसमे कुल 350 क्वार्टर है। जो 63 लीटर मदिरा होकर 24500 रुपए की मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब होकर बिक्री हेतु ले जाते हुए पकड़ा गया है। जिस पर थाना हाजा पर अप 86/24 धारा 34(2) कायम कर विवेचना की जा रही है। आरोपी को न्यायालय पेश किया जा रहा है। उपरोक्त सराहनीय कार्य में निरीक्षक थाना प्रभारी जावर आर एन मालवीय, उपनिरीक्षक बीएल वर्मा, प्रआर आत्माराम, प्रआर रामभरोष, आर पवन, आर मनोज, सै राहुल उपस्थित रहे।

# श्री मारुति मानस मंडल ने उत्साह से मनाया रंग पंचमी का त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जावर



नगर में इस बार रंग पंचमी की धूम एक अलग ही तरीके से मनाई रंगपंचमी तो प्रतिवर्ष ही बड़े धूमधाम से मनाई जाती है पर इस बार शहर व ग्राम में जो प्रभात फेरी में प्रातः निकाली जाती है। उसमें ही समस्त ग्रामवासियों ने प्रातः 5 बजे से रंग गुलाल लेकर प्रभात फेरी में सम्मिलित हुए और हर मंदिर में गांव की हर गली में ढोल नगाड़ा के साथ जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं गुलाल से ग्राम वासियों ने स्वागत किया। स्वागत में प्रसादी वितरण अल्प आहार की व्यवस्था लोगों द्वारा की गई। पूरे नगर में प्रभात फेरी के पश्चात शीतला माता मंदिर चौक पर ग्राम के युवाओं ने जमकर रंग गुलाल उड़ाया और लोगों को रंग लगाकर रंग पंचमी की बधाई दी। इस रंगों की बेला में समस्त गांव सम्मिलित हुआ इसके पश्चात दिनभर युवाओं की टोली जगह-जगह रंग लगाते देखी गई। बड़े ही प्रेम से यह त्यौहार मनाया गया।

मुनि सागर महाराज ने जैन मंदिर पर दिए आशीष वचन, बड़ी संख्या में जुटे समाजजन

# गुरु से मिली शिक्षा के आगे डिग्री काम की नहीं: मुनि सागर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आष्टा



बैठकर साथ में पूजन व भोजन करेंगे तो बहुत कुछ सीखने को मिलेगा । संयुक्त परिवार में रहने का आनंद ही अलग है।चोट पर चोट देने से सब कुछ टूट जाते हैं। हरा-भरा पेड़ सडान लगनें से वह टूट जाता है। गुरुदेव मंदिर में पेड़ के नीचे बैठते थे।आज जमाना यह आ गया है कि गुरु के सामने अनेक शिष्य चले गए।आज पिता के कंधे पर पुत्र जा रहा है।गलत खाद्य पदार्थ सेवन का परिणाम है। सभी समय व दिन अच्छे हैं।

मुहूर्त का अगर असर होता तो मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम को राज्याभिषेक के स्थान पर बनवास नहीं जाना पड़ता।गुरु से मिली शिक्षा के आगे लौकिक शिक्षा की डिग्री किसी काम की नहीं। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजित पूज्य मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं। आपने कहा कि वर्ष 1980 से लेकर मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज से 20 मुनि, साध्वी,ऐलक आदि दीक्षा लेकर उनके शिष्य बने , जिसमें हम तीन मुनि मौन सागर, मुनि सागर एवं मुक्ति सागर महाराज शामिल हैं।। गुरु भूतबलि सागर महाराज कभी भी एकल बिहारी नहीं रहें, अनेकों को संयम,व्रत दिए। साधु संतों के निहार के समय पिच्छिका सात हाथ दूर और कमंडल शुद्धि के दौरान चार हाथ दूर रखते हैं।तीस साल तक हमें गुरु का सानिध्य मिला। भाग्य, सौभाग्य अलग बात है। दीपावली से होली तक ग्यारह प्रतिमा का ज्ञान सीखा। ऐलक दीक्षा हमने गुरुदेव से ली। मुनि बनने की इच्छा व्यक्त की तो गुरुदेव ने कहा परीक्षा लेकर मुनि बनाऊंगा। मुनि सागर महाराज ने कहा कर्म ही बलवान है, ज्योतिष क्या करेंगे। श्री राम को राज्याभिषेक का शुभ मुहूर्त देखा, लेकिन उनको राज्याभिषेक के स्थान पर बनवास जाना पड़ा। दीक्षा के दौरान हमें परिग्रह नहीं करने को कहा।हम अपने गुरु के चरणों में रहें।आप कहते हैं मम्मी -पापा मेरे साथ रहते हैं,यह कहना गलत है। हल चलाने वाला विद्यासागर बना।

लौकिक नहीं अलौकिक पढ़ाई काम आती है। गुरु दिल में होना चाहिए। गुरु हंसते- हंसते गए।मरण महोत्सव हुआ। बेटे के कंधे पर पिता जाए तो सौभाग्य की बात है।आप लोगों को जो दे गए उस पर अमल करें। जिसके जीवन में गुरु नहीं,उसका जीवन शुरू नहीं। हमारा शिखर जी यही है। आष्टा तीर्थ रुप ले रहा है। तोड़ने का नहीं जोड़ने का काम करें। साधुगण जोड़ते हैं तोड़ते नहीं। अकेले बैठने पर दुर्भावना आएगी। पहले खाना नहीं बोलना सीखें।जो अवसर मिला है लाभ ले।

# रंग पंचमी पर जमकर उड़ाया गया रंग-गुलाल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ खाचरोद

रंग पंचमी का पर्व खाचरोद शाहित आसपास पूरे ग्रामीण क्षेत्र खामखेड़ा, रोल गांव, छापर, रामपुर, अवली खेड़ा, कन्नौज शिवजी, लसूडिया विजय सिंह, किलोज, पगारिया, बापचा बरामद, नौगांव, बरघाटी आदि गांव में सुबह से ही बच्चों में उत्साह देखा गया। वही सभी गांव में रंग पंचमी का जुलूस डीजे व बैंड के साथ निकल गया। जिसमें सभी लोगों ने जमकर रंग गुलाल उड़ाया। वही ग्राम खाचरोद में रंग पंचमी का जुलूस श्री राम मंदिर से प्रारंभ होकर ग्राम के मुख्य मार्ग से होता हुआ बस स्टैंड पर जाकर कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने निर्माण के समय नहीं दिया था गुणवत्ता पर ध्यान

# 50 करोड़ से बने राजगढ़-खुजनेर मार्ग के शोल्डर कई जगहों पर उखड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कुछ ही सालों पहले करीब 50 करोड़ की लागत से बनाए गए राजगढ़-खुजनेर मार्ग के निर्माण में गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया था। अधिकारियों द्वारा सही तरीके से मॉनिटरिंग नहीं किए जाने से पेटी कान्टेक्टर घटिया निर्माण करके चले गए। उक्त घटिया निर्माण अब जाहिर होकर सामने आ रहे हैं। मार्ग के शोल्डर (पटरी) अनेकों जगहों पर तीन से छह इंच तक धंस गए हैं। ऐसे में बाईक चालक अक्सर हादसों का षिकार हो रहे हैं। आपको बतादे कि राजगढ़ मुख्यालय से क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव के गृहनगर खुजनेर तक इस उक्त मार्ग को बनवाया गया था। जब बड़े जनप्रतिनिधियों के रोजाना आवाजाही वाले मार्गों की यह हालत है तो क्षेत्र के अन्य मार्गों की स्थिति का स्वतः ही अंदाजा लगाया जा सकता है।



### पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने नहीं की थी मॉनिटरिंग

50 करोड़ की भारी-भरकम लागत वाले इस निर्माण की उस समय लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने भी ठीक तरह से मॉनिटरिंग नहीं की थी। हैंडओवर के पहले ही यह सीसी सड़क अनेक जगहों पर दरारें पड़ गई थीं। इन दरारों को छिपाने के लिए निर्माण एजेंसी ने कैमिकल भी डलवाया था। नगर से मंडी रोड के नजदीक ही ये दरारे उभरकर सामने आई थीं।

### अनेकों बाइक सवार हो चुके हैं घायल और मृत

बीते करीब चार सालों की बात करें तो राजगढ़ से खुजनेर की सीसी सड़क पर आधा सैकड़ा से अधिक बाइक सवार शोल्डर उखड़ने सहित अन्य कारणों से घायल हो चुके हैं। पांच बाइक सवारों की मौत भी इस मार्ग पर हो चुकी है। ग्रामीणों ने पीडल्यूडी के अधिकारियों से मांग की है कि उखडे हुए शोल्डरों, पटलियों की भराई करवाई जाए अन्यथा दुर्घटनाएं होती रहेंगी।

### इनका कहना है...

बीएसएनएल वालों ने भी कई जगहों पर लाइनों के लिए खुदाई कराई थी। ऐसे में शोल्डर खराब हुई हैं। विभाग ने पत्राचार भी किया है। कल ही उन्हें रिमाइंडर करवाते हैं। यदि, रिपेयर नहीं करवाया जाता है तो एफआईआर की कार्रवाई भी कराई जा सकती है।

**- आकाश दुबे, कार्यपालन यंत्री, पीडल्यूडी, राजगढ़**

### चोटिल हो रहे हैं बाइक सवार, हो रहे हादसे

राजगढ़ से करेड़ी के बीच ही कई जगहों पर शोल्डर 3 से 6 छह इंच तक उखड़ गए हैं। शोल्डर/पटरी उखड़ जाने से बाईक चालक अक्सर हादसों का षिकार हो रहे हैं। रात्रि के समय अगर कोई बाईक चालक सड़क के नीचे आ जाए तो पुनः बाईक सड़क पर लाने के दौरान दुर्घटनाएं हो रही हैं। बड़ी जनहानि की संभावनाओं से भी इन्कार नहीं किया जा सकता। एक हफ्ते पहले ही इस मार्ग पर रात्रि के समय हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हुई है। अगर इन शोल्डरों/पटलियों को नहीं भरवाया गया तो आगे भी इस तरह की दुर्घटनाओं की संभावनाओं से इन्कार नहीं किया जा सकता।

## आचार संहिता में कलेक्टर के आदेश की अवहेलना

# बीएमओ साहब अवकाश पर, अस्पताल में डॉक्टर नहीं पर्चा बनवाकर घर से बुलाना पड़ता है तब इलाज होता




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

तहसील मुख्यालय पर स्थित सरकारी सीविल अस्पताल में तमाम अनियमितताओं का बोलबाला है। रात्रि के समय इंमरजेंसी में कोई डाक्टर नहीं रहता। ओपीडी खाली रहती है। मरीज इलाज के लिए जब अस्पताल पहुंचता है तो पर्चा बनवाकर या दूसरे कर्मचारी ड्यूटी डाक्टर के घर ले जाते या अस्पताल में बुलवाकर इलाज कराना पड़ता है। ऐसा ही एक मामला शनिवार रात को देखने को मिला, जब ब्लाक मेडिकल आफिसर स्वयं छुट्टी पर रात्रि में अस्पताल में ड्यूटी डाक्टर मौजूद नहीं जब एक व्यक्ति को परिजन इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे तो अस्पताल की ओपीडी सहित इमरजेंसी में कोई डाक्टर मौजूद नही थे। ओपीडी पर्चा काउंटर भी खाली पड़ा था। ऐसे में जब परिजन ने वहां मौजूद अन्य कर्मचारी से जानकारी हासिल की तो ओपीडी पर्चा काउंटर वाले भोजन कर रहे थे। कर्मचारी ने पर्चा बनाया इसी दौरान अस्पताल के गार्ड ने ड्यूटी डाक्टर को फोन लगाकर बुलवाया तब जाकर मरीज का उपचार हो सका।

### अस्पताल में नहीं थे डॉक्टर

शनिवार रात्रि करीब साढ़े नो बजे अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे धर्मेंद्र सिह सोनगिरा ने बताया की अचानक पैर व कमर दर्द हाथ पैर ठंडे लगने पर अस्पताल में उपचार के लिए आये तो यहा डाक्टर नही थे। ओपीडी पर्चा काउंटर पर खाली पडा था ओपीडी इमरजेंसी में कोई कर्मचारी मौजूद नही थे।पर्चा बनावाने के बाद घर से आये डाक्टर ने उनका उपचार किया उन्होंने कहा की अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने वाला कोई नही है यहा मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

इस संबंध में जब ब्लाक मेडिकल आफिसर डाक्टर मनोज कुमार गुप्ता को लोगों ने जानकारी दी तो उन्होंने बताया कि मैं बाहर हुं छुट्टी पर गया हूं। हालांकी मरीज का रात्रि कालीन ड्यूटी डाक्टर द्वारा उपचार भी किया गया। मगर जब लोकसभा चुनाव के चलते आदर्श आचार संहिता लागू है निर्वाचन अधिकारी द्वारा अपने कर्तव्य स्थल पर रहने के लिए आदेश जारी किया गया है तो बीएमओ अवकाश पर कैसे चले गए। रात 8 बजे के बाद पहुंचने वाले मरीजों को या तो ड्यूटी डाक्टर घर बुलाकर इलाज करते या ज्यादा गंभीर होने पर अन्य कर्मचारी फोन पर सूचना देकर डाक्टर को बुलाते हैं। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार अधिकारीयों सहित जनप्रतिनिधियों को इस संबंध में अवगत भी कराया गया है परंतु आज भी उक्त समस्या दूर नही हो सकी है जिससे क्षेत्र के लोगों की समस्या दूर हो सके।

### आचार संहिता लागू फिर भी बीएमओ छुट्टी पर

लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू है। कलेक्टर ने सभी कर्मचारियों अधिकारियों की छुट्टी निरस्त कर मुख्यालय पर रहने के आदेश दिए गये हैं, बावजूद ब्लाक मेडिकल आफिसर छुट्टी लेकर बाहर हैं। ऐसे में अस्पताल की व्यवस्थाओं के साथ मरीजों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### इनका कहना है

मैंने अभी जानकारी लगने पर इलाज किया। वैसे मैं अभी छुट्टी पर हूं। सुबह आकर देखता हूं।

**डॉक्टर मनोज कुमार गुप्ता, ब्लाक मेडीकल आफिसर**

**दिखवाती हूं...**

बीएमओ तीन दिन पहले बच्चों को घर छोड़ने की मुझसे बोलकर गए थे। लेकिन अभी तक मुख्यालय पर क्यो नही हैं मैं बात करती हूं। अभी कोई भी छुट्टी पर नही रह सकता मैं दिखवाती हूं।

**डॉक्टर किरण वाडिवा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी राजगढ़**

## मंदिर में संपन्न बैठक में स्वर्णकार समाज की कार्यकरिणी गठित



**राजगढ़।** श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज की बैठक विगत दिवस भंडारा गली स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में संपन्न हुई। बैठक में इस वर्ष होने वाले सामाजिक आयोजनों की रूपरेखा तैयार करते हुए समाज की कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से गठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष मनीष सोनी, उपाध्यक्ष कुंजबिहारी सोनी, रामबाबू सोनी पिपलोदी, कैलाष सोनी, कोषाध्यक्ष राजेष सोनी, सुरेष सोनी, सचिव नितेष सोनी, धनसंग्रह समिति में राजेष सोनी, राजेंद्र सोनी, सचिव सुरेष सोनी, हरिप्रसाद सोनी, दीपक सोनी, मीडिया पभारी विनोद सोनी को बनाया गया है। वहीं संरक्षकगणों में हरिप्रसाद सोनी, संजय सोनी, जगदीश सोनी, राकेश सोनी, दीपक सोनी, अंतिम सोनी, विशाल सोनी, राजेंद्र सोनी शामिल हैं। उक्त बैठक में कार्यकारिणी गठन के साथ ही समाज के अन्य विषयों, मुद्धो इत्यादि भी चर्चा करते हुए निर्णय लिए गए हैं।

## हिन्दू उत्सव समिति ने किया गेर का आयोजन, परंपरागत गेर में जमकर नाचे लोग

# रंगपंचमी पर निकली गेर, जमकर उड़ा रंग गुलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर में रंग पंचमी के पर्व पर परंपरागत गेर निकाली गई। इस पर्व को नगर में बड़े ही उमंग पूर्ण वातावरण के साथ मनाया गया। हिन्दू उत्सव समिति द्वारा निकलने वाली इस परम्परागत गेर में लोग जमकर झूमे और जमकर रंग गुलाल उड़ाया। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा ने बताया कि हर वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी रंगपंचमी की गेर की धूमधाम से मनाई गई। जिसमें नगर का भरपूर सहयोग रहा। उन्होंने सफल आयोजन के लिए सभी का आभार भी व्यक्त किया। स्थानीय शीतला माता मंदिर से आरती के बाद शुरू हुई गेर विभिन्न मार्गों से होती हुई चिंता हरण हनुमान मंदिर पहुंची। जहां गेर का समापन भी आरती के साथ किया गया।



### फायर ब्रिगेड से उड़ाया रंग गुलाल

शनिवार को गेर सुबह 9 बजे शीतला माता मंदिर मातामण्ड मोहल्ले से शुरू हुई। जो सुठालिया रोड, मैन मार्केट, जगात चैक, एसडीएम निवास, इंदौर नाका, एबी रोड, पीपल चैराहा होते हुए चिंताहरण हनुमान मंदिर पहुंची। जहां आरती के बाद गेर का समापन हुआ। गेर में नाचते गाते युवा, एक दूसरे को बधाई देते नागरिक नजर आए। फायर ब्रिगेड के माध्यम से जमकर रंग गुलाल उड़ाया गया।

### हर्षोल्लास से मनाया रंगपंचमी का पर्व

खिलचीपुर। शनिवार को नगर में धूलेडी के बाद रंग पंचमी पर्व लोगों ने बड़े हर्ष उल्लास से मनाईसुबह से ही बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक के चेहरे रंग, गुलाल से रंग बिरंगी दिखाई दिये। मुख्य बाजार , इमली स्टैंड, भोजपुर नाका, थावरिया बाजार, गायत्री कॉलोनी , सुभाष चैक,वही महिलाएं भी टोली बनाकर रंग बिरंगे चेहरे लिये सामूहिक होली खेलती हुई दिखाई दी।जगह जगह पुलिस के लगे रहे पहरे।



रंग पंचमी पर्व शांति सौहार्द पूर्वक मनाया जावे, नगर में कहीं कोई शराब पीकर उत्पात ना मचावे को लेकर पुलिस प्रशासन ने जगह जगह , मुख्य चैराहों पर जवानों को तैनात किया गया।

# राजगढ़ में होगा 24 कुंडीय महायज्ञ, भूमिपूजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गायत्री परिवार के तत्वावधान में आगामी 27 से 30 अप्रैल तक 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाना है। इस हेतु राजगढ़ स्थित यज्ञ स्थल प्रज्ञा भवन में गुना अन्य स्थानों से आए पदाधिकारियों द्वारा भूमिपूजन संपन्न करवाया गया। भूमिपूजन अवसर पर नारायण सिंह शर्मा ने वर्तमान परिस्थितियों में गायत्री परिवार की भूमिका प्रतिपादित की। जोन प्रभारी महेश केवट ने गायत्री महायज्ञ के महत्व पर चर्चा करते हुए अन्य उद्धगार व्यक्त किए। यज्ञ के सफल आयोजन के लिए समयदान, अंशदान की अपील भी की गई। इस अवसर पर मुख्य ट्रस्टी अनिल शर्मा ने आयोजन की सफलता के लिए आधिकाधिक लोगों से जुड़ने का आगृह किया। उक्त महायज्ञ में संपूर्ण राजगढ़ जिले से गायत्री परिवार के श्रृद्धालुओं से आने का आव्हान किया गया है।



# नवोदय में प्रवेश के लिए 8 बच्चों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

पिपल्या कलां गांव से प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी छात्रों की मेहनत तथा अभिनंदन नवोदय कोचिंग सेंटर पिपल्या कलां के संचालक अनारसिंह दांगी के मार्ग दर्शन में सुपर 20 के बैच में से 8 बच्चे अतुल पिता राजकुमार नाथ, हेमराज पिता रामरतन दांगी, अंकित पिता जगदीश दांगी, सोमबाबु पिता चंपालाल दांगी, राघवेन्द्र पिता जगदीश दांगी, नवनीत पिता जीतमल दांगी, धर्मेंद्र पिता पवन गौड़,मनीषा पिता कुशाल दांगी सभी पिपल्या कलां के निवासी का नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। पिपल्या कलां तथा आसपास के गांव के बच्चों को अच्छी शिक्षा व्यवस्था तथा कई वर्षो से लगातार छात्रों का नवोदय में प्रवेश होता आ रहा है। नवोदय में प्रवेश के लिए बच्चो की इस सफलता से पूरे गांव तथा आसपास के क्षेत्र में खासा उत्साह तथा चर्चा है। लोगों द्वारा बच्चों तथा शिक्षकों को बधाई एवं शुभ कामनाएं दी जा रही है।




## पचोर नगर में आयोजित बैठक में शामिल हुए राजेंद्र शुक्ल

# हमारे कार्यकर्ता ही हमारी पार्टी की जान हैं: डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल एवं मप्र चुनाव सहप्रभारी सतीष उपाध्याय की उपस्थिति में रविवार दोपहर पचोर में भाजपा की टोली कामकाजी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम शुक्ल ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के द्वारा चुनाव की तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं। हमारे पास कार्यकर्ताओं की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की बदौलत ही प्रदेश और केंद्र में हमारी सरकार है। कार्यकर्ता अगर घर-घर पहुंचेगे तो तीसरी बार भी केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी। कांग्रेस सरकार में वैष्विक रूप से देष की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर थी जो अब अच्छे मुकाम पर है। आगामी 2027 तक हमारा देष विश्व की महाशक्ति बनेगा। राम मंदिर का विरोध करने वालों का उन्हीं के दल के लोग अलविदा कह रहे हैं।



बैठक में मप्र चुनाव सह-प्रभारी सतीष उपाध्याय, राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, लोसभा प्रभारी कांतदेव सिंह, विकास विरानी, जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा विषेष रूप से उपस्थित हुए। इनके साथ ही जिले के भाजपा पदाधिकारी व अन्य इस महत्वपूर्ण बैठक में उपस्थित रहे।

## भोपाल से नलखेड़ा जाते समय मऊ हाइवे पर कांग्रेसजनों से मिले पूर्व मुख्यमंत्री

# देश और प्रदेश की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता को बताना होगा : दिग्विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

एक तरफ जहां चंदे का धंधा कर रही भाजपा देश में सरकार चला रही है, वहीं दूसरी तरफ प्रमुख विपक्षी दल का अकाउंट फ्रीज कर, मुख्यमंत्रियों को जेल में डाल कर और हर स्वतंत्र आवाज को दबाकर वो विपक्ष को जायज ढंग से चुनाव तक नहीं लड़ने देना चाहती। केंद्र सरकार की कुनीति है कि जो भाजपा के साथ नहीं उसे जेल, जो भाजपा को चंदा दे उसे बेल, प्रमुख विपक्षी दल के साथ नोटिस का खेल तथा इलेक्टोरल बॉण्ड के लिए ब्लैकमेल। इस झूठी, अहंकारी और भ्रष्ट सरकार का सच बताने के लिए कांग्रेसजनों को आगे आना होगा और देश और प्रदेश की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता को बताना होगा। देश में व्याप्त महंगाई को कम करने, 2700 रुपये गेहूं खरीदी, महिलाओं को 3000 रुपये और 450 में गैस सिलेंडर न मिलने का मुद्दा जन-जन तक पहुंचाना होगा।



इसलिए हमारे द्वारा वादा निभाओ पद यात्रा निकाली जा रही है और जनता के हक की लड़ाई लड़ी जा रही है।

उक्त उद्गार शनिवार रात्रि भोपाल से नलखेड़ा जाते समय मऊ हाइवे पर ठहरे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजगढ से कांग्रेस उम्मीदवार दिग्विजय सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। इस दौरान कांग्रेस नेता मोहन जाटव के नेतृत्व में श्रीसिंह का स्वागत किया। इस दौरान श्रीसिंह ने आगे कहा कि यह लडाई भाजपा और जनता के अधिकारों के बीच है, जिसमें हम जनता के साथ खडे हैं। लोकतंत्र की जीत में ही, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की जीत है। जब सरकार बदलेगी तो लोकतंत्र का चीरहरण करने वालों पर कार्रवाई जरूर होगी। और ऐसी कार्रवाई होगी कि दोबारा फिर किसी की हिम्मत नहीं होगी, ये सब करने की।

### रोजगार देने में विफल है केंद्र सरकार

केंद्र सरकार के पास रोजगार के लिए कोई योजना नहीं है। यही वजह है कि इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट 2024 न सिर्फ रोजगार पर सरकार की भीषण नाकामी का दस्तावेज है बल्कि कांग्रेस की रोजगार नीति पर मुहर भी है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत के कुल बेरोजगारों में 83 फीसद युवा हैं, या तो उनके पास नौकरी है ही नहीं या वह बहुत ही कम मेहनताने पर बुरी दशा में काम करने को मजबूर हैं। रिपोर्ट कहती है 65 फीसद पढ़े लिखे युवा बेरोजगार हैं। कांग्रेस की युवा रोशनी की गारंटी स्टार्ट-अप्स के लिए 5000 करोड की मदद लेकर आ रही है। हम श्रमिक न्याय के तहत उनका जीवन बदलने जा रहे हैं। कांग्रेस की नीतियां ही रोजगार की गारंटी हैं, कांग्रेस का मतलब रोजगार क्रांति। जबकि भाजपा का मतलब बेरोजगारी और बेबसी है। केंद्र सरकार रोजगार देने में विफल है। इस मौके पर कांग्रेसी मौजूद थे।